कार्यालय पुलिस उपायुक्त, अपराध कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 10.04.2025

विषय:- थाना ए0एच0टी0 पुलिस टीम द्वारा RPF के सहयोग से नाबालिग बच्चों की तस्करी करने वाला अभियुक्त अब्दुल अजीज शेख गिरफ्तार, कब्जे से झारखण्ड के 05 नाबालिग लड़के बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी / पुलिस उपायुक्त अपराध महोदय के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त अपराध महोदय, सहायक पुलिस आयुक्त साइबर सेल के कुशल नेतृत्व में नाबालिग बच्चों की तस्करी के रोकथाम हेतु दिनांक 09.04.2025 को अभियुक्त अब्दुल अजीज शेख पुत्र झारु शेख निवासी नया ग्राम थाना कालियाचक जनपद मालदा पश्चिम बंगाल उम्र- 27 वर्ष को ट्रेन संख्या- 15743 फरक्का एक्सप्रेस प्लेटफार्म नं0-09 से 05 नाबालिग बच्चे, जो झारखण्ड के रहने वाले है, के साथ बाल तस्करी/ बाल मजदूरी में गिरफ्तार किया गया। बच्चों को चाइल्ड हेल्प लाइन को सुपुर्द किया गया है। बाल तस्करी के संबंध में थाना ए0एच0टी0 में मु0अ0स0 001/2025 धारा 143(5) बीएनएस दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के सम्बन्ध में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण:- दिनांक- 09.04.2025 को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि ट्रेन संख्या- 15743 फरक्का एक्सप्रेस जो प्लेटफार्म नं0-09 पर आ रही है जिसमें पश्चिम बंगाल का रहने वाला एक व्यक्ति 05 नाबालिग बच्चों को तस्करी कर दिल्ली मजदूरी हेतु ले जा रहा है। इस सूचना पर आरपीएफ एवं बचपन बचाओ आन्दोलन के सदस्यों के साथ कोच संख्या S-5 से 05 नाबालिग बच्चों को बरामद कर अभियुक्त अब्दुल अजीज शेख उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

- अब्दुल अजीज शेख पुत्र झारु शेख निवासी नया ग्राम थाना कालियाचक जनपद मालदा पश्चिम बंगाल उम्र- 27 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान-

- दिनांक 09.04.2025 को समय करीब 18.30 बजे प्लेटफार्म नं-09 कैण्ट रेलवे स्टेशन वाराणसी।

<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार शुक्ला थाना ए0एच0टी0 कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 घनश्याम तिवारी थाना ए0एच0टी0 कमि0 वाराणसी।
3. स0उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार यादव रेलवे सुरक्षा बल कैण्ट वाराणसी मय हमराह।
4. आरक्षी वैभव त्रिपाठी थाना ए0एच0टी0 कमि0 वाराणसी।
5. आरक्षी मनोज कुमार चौहान थाना ए0एच0टी0 कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त,
अपराध
वाराणसी।